निदेशालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

क्रमांकः एफ 7(4)अकाद/निकाशि/प्रवेश नीति/2013/190 दिनांकः 04 जून, 2013

समस्त प्राचार्य,
राजकीय महाविद्यालय,
राजस्थान।

विषयः यू.जी.सी. गाइडलाइन्स के निर्देशानुसार महाविद्यालय में विद्यार्थियों को उनकी हकदारी (Entitlements) की सूचना देने, शिकायत निवारण प्रकोष्ठ गठित करने एवं विद्यार्थियों में समानता को बढ़ावा (Equality promote) देने बाबत।

महोदय,

यू.जी.सी. द्वारा यह देखा गया है कि महाविद्यालयों के विद्यार्थी स्वयं की हकदारी (Entitlements) एवं शिकायतों के निवारण के संदर्भ में अनभिज्ञ होते हैं। विद्यार्थियों में इस हेतु जागरूकता लाने की दृष्टि से यू.जी.सी. द्वारा स्वयं की वेबसाइट www.ugc.ac.in पर Student's Entitlements के संबंध में दिशा–निर्देश उपलब्ध कराये गये हैं। साथ ही विद्यार्थियों में समानता को बढ़ावा देने संबंधी दिशा–निर्देश भी उपलब्ध है।

यू.जी.सी. के निर्देशानुसार प्रत्येक महाविद्यालय के लिए इन गाइडलाइन्स को अपनी विवरणिका में पूर्ण रूप से प्रकाशित करना तथा महाविद्यालय की वेबसाइट के होमपेज पर डालना अनिवार्य है। विद्यार्थी इस संदर्भ में शिकायत होने पर शिकायत निवारण प्रकोष्ठ (Grievence Redressal Cell) में शिकायत कर सकता है।

उपरोक्त बिन्दुओं को महाविद्यालयों में प्रभावशाली बनाने की दृष्टि से निर्देशित किया जाता है कि:–

- Student's Entitlements की गाइडलाइन्स को महाविद्यालय की विवरणिका में प्रकाशित करावें तथा महाविद्यालय की वेबसाइट के होमपेज पर डालना सुनिश्चित करें।
- महाविद्यालय में शिकायत निवारण प्रकोष्ठ का गठन कर, नोडल अधिकारी का नाम एवं सम्पर्क नम्बर से निदेशालय के शिकायत निवारण प्रकोष्ठ के इन्चार्ज को सूचित करें।
- भारत के राजपत्र 19 जनवरी, 2013 के भाग III (Sec 4) UGC Regulation 2012 के अन्तर्गत समस्त उच्च शिक्षण संस्थाओं में असमानता को रोकने तथा समाज के सभी वर्गों से आ रहे विद्यार्थियों में समानता की भावना पैदा करने की दृष्टि से महाविद्यालय में एक Equal Opportunity Cell गठित कर इसमें एक Anti-Discrimination Officer जो कि असोसियेट प्रोफेसर रैंक का हो, नियुक्त करें।

उपरोक्त तीनों बिन्दुओं की पालना यू.जी.सी. के दिशा–निर्देशानुसार सुनिश्चित की जावे।

भवदीय,

(हस्ताक्षर)

संयुक्त निदेशक,
कॉलेज शिक्षा, राज0, जयपुर

क्रमांकः एफ 7(4)अकाद/निकाशि/प्रवेश नीति/2013/190 दिनांकः 04 जून, 2013

प्रतिलिपिः डा0 धीरेन्द्र देवर्षि, बेवसाईट प्रभारी, निदेशालय। कृपया पत्र को निदेशालय की बेवसाईट पर अपलोड करने का श्रम करें।

(हस्ताक्षर)

संयुक्त निदेशक,
कॉलेज शिक्षा, राज0, जयपुर